Adda 247 Publications

BOOKS

Visit: publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**

Directions (1-5): निम्नलिखित सूचना का अध्ययन ध्यानपूर्वक कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

आठ सदस्य जैसे: A, B, C, D, E, F, G, H, एक पंक्ति में बैठे हैं और उत्तर की ओर उन्मुख हैं (लेकिन इनका क्रम यही हो आवश्यक नहीं है)। वे भिन्न संख्याएं पसंद करते हैं जैसे: 60, 55, 121, 36, 18, 30, 37 और 17 (लेकिन इनका क्रम यही हो आवश्यक नहीं है)।

वह व्यक्ति, जो अभाज्य संख्या पसंद करता है पंक्ति के बाएं अंत से तीसरे स्थान पर बैठा है और F बाएं अंत से तीसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है। A और C एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं। H, B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। वह व्यक्ति जो 36 संख्या पसंद करने वाले व्यक्ति के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है, विलोमपद (पिलिन्ड्रोम) संख्या पसंद करता है जो 11 से विभाज्य है। वह व्यक्ति जो 60 पसंद करता है 121 पसंद करने वाले व्यक्ति के बाएं से पांचवें स्थान पर है। B पंक्ति के एक अंतिम किनारे पर बैठा है। F वह संख्या पसंद करता है जो एक पूर्ण वर्ग है लेकिन एक विलोमपद (पिलिन्ड्रोम) संख्या नहीं है। वह संख्या, जो A द्वारा पसंद की जाती है C द्वारा पसंद की जाने वाली संख्या की दोगुनी है। B, F के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। G वह संख्या पसंद करता है जो F द्वारा पसंद की जाने वाली संख्या की आधी है। G, B और H दोनों के बाएं बैठा है। B एक विलोमपद (पिलिन्ड्रोम) संख्या पसंद करता है जो 11 और 5 दोनों से विभाज्य है। D, F के दायीं ओर बैठा है और D वह अभाज्य संख्या पसंद नहीं करता है, जो 35 से कम है।

Q1. निम्नलिखित में से कौन उस व्यक्ति के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो H के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठता है?

(a) G
(b) D
(c) वह व्यक्ति जो 18 संख्या पसंद करता है।
(d) (a) और (c) दोनों
(e) इनमें से कोई नहीं

Q2. F कौन सी संख्या पसंद करता है?

(a) G द्वारा पसंद की जाने वाली संख्या का दोगुना
(b) 121
(c) 37
(d) 55
(e) इनमें से कोई नहीं

Q3. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या D द्वारा पसंद की जाती है?

(a) 55
(b) 37
(c) 121
(d) 17
(e) इनमें से कोई नहीं

Q4. बैठकीकरण व्यवस्था के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?

(a) H, D के ठीक दाएं बैठा है।

(b) F, E और G के ठीक बीच में बैठा है।

(c) C पंक्ति के अंतिम किनारे पर बैठा है।

(d) इनमें से कोई नहीं

(e) सभी सत्य हैं

Q5. निम्नलिखित में से H के सन्दर्भ में F की स्थिति क्या है?

(a) ठीक दाएं

(b) ठीक बाएं

(c) बाएं से दूसरा

(d) दाएं से दूसरा

(e) इनमें से कोई नहीं

Q6. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजक दर्शाता है कि 'A>J' और 'I≤Q' निश्चित रूप से सत्य हैं?

(a) Q>A>B≥I≥E<J

(b) C<Q≤D<A>J>I

(c) B>C<J<I≤A=Q

(d) A>I≤K=Q<J>B

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (7-8): नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक समूह के बाद कथनों के तीन/चार/पांच समूह और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको कथनों का वह सही समूह चुनना है, जो दिए गए निष्कर्षों का अलग-अलग तार्किक रूप से अनुसरण करता हो। दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।

Q7. कथन: 1: कोई L, B नहीं है। कोई B, C नहीं है। कुछ C, P हैं।

2: सभी L, B हैं। सभी B, C हैं। कोई C, P नहीं है।

3: सभी L, B हैं। कोई B, C नहीं है। कुछ C, P हैं।

4: सभी L, B हैं। कोई B, C नहीं है। कोई C, P नहीं है।

5: सभी L, B हैं। सभी B, C हैं। कुछ C, P हैं।

निष्कर्ष: 1: कोई L, C नहीं है।

2: कुछ P, C हैं।

(a) केवल कथन 1 और कथन 2

(b) केवल कथन 2

(c) केवल कथन 3

(d) केवल कथन 4

(e) केवल कथन 5

Q8. कथन: 1: सभी डीबग, कॉपी हैं। सभी कापियां, बग हैं। कोई कॉपी, वायरस नहीं है। कोई वायरस, कंप्यूटर नहीं है।
2: कुछ डीबग, कॉपी हैं। सभी कापियां, बग हैं। कुछ कापियां, वायरस हैं। सभी वायरस, कंप्यूटर हैं।
3: सभी डीबग, कॉपी हैं। सभी कापियां, बग हैं। कोई कॉपी, कंप्यूटर नहीं है। सभी वायरस, बग हैं।
4: सभी डीबग, कॉपी हैं। सभी कॉपियां, बग हैं। कोई वायरस, कॉपी नहीं है। कुछ वायरस, कंप्यूटर हैं।
5: कुछ डीबग, कॉपी हैं। सभी कॉपियां, बग हैं। कोई कॉपी, कंप्यूटर नहीं है। कुछ वायरस, कंप्यूटर हैं।
निष्कर्ष: 1: कुछ वायरस के डीबग होने की सम्भावना है।
2: कुछ बग कंप्यूटर नहीं हैं।
(a) केवल कथन 1 और कथन 2
(b) केवल कथन 2 और कथन 3
(c) केवल कथन 3 और कथन 5
(d) केवल कथन 4 और कथन 5
(e) केवल कथन 5

Directions (9-13): निम्नलिखित सूचना का अध्ययन ध्यानपूर्वक कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक परिवार के सात व्यक्ति A, Q, R, C, I, M और N चार भिन्न दुकानों में काम करते हैं जैसे: कैंटाबिल, पैंटालून, मैक्स और एचएंडएम, लेकिन इनका क्रम यही हो यह आवश्यक नहीं है। दो से अधिक व्यक्ति एक ही विभाग में काम नहीं करते हैं। तथा उनमें से प्रत्येक भिन्न मंजिल पर रहता है जैसे: पांचवीं, सातवीं, आठवीं, चौथी, दूसरी, पहली और तीसरी लेकिन इनका क्रम यही हो यह आवश्यक नहीं है।
M का पति, M के पिता के साथ कैंटाबिल दुकान में काम करता है और पांचवीं मंजिल पर नहीं रहता है। M की पुत्री पहली मंजिल पर रहती है और एचएंडएम दुकान में काम नहीं करती है। वह व्यक्ति जो तीसरी मंजिल पर रहता है एचएंडएम दुकान में काम करता है। C, N का ब्रदर-इन-लॉ है और Q परिवार के विवाहित पुरुषों में से एक का भाई है। M का ब्रदर-इन-लॉ, M के अंकल के साथ एक ही दुकान में काम करता है और दूसरी मंजिल पर रहता है। केवल A की पत्नी पैंटालून दुकान में काम करती है। M की माता उसी दुकान में है जिसमें A की पुत्री है। कोई भी व्यक्ति, जो कैंटाबिल या मैक्स दुकान में काम करता है आठवीं मंजिल पर नहीं रहता है। I का नाना चौथी मंजिल पर रहता है।

Q9. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति आठवीं मंजिल पर रहता है?
(a) A का भाई
(b) M का पति
(c) I की माता
(d) R की पत्नी
(e) इनमें से कोई नहीं

Q10. निम्नलिखित में से कौन सी दुकान में R का दामाद काम करता है?
(a) मैक्स
(b) एचएंडएम
(c) पैंटालून
(d) कैंटाबिल
(e) इनमें से कोई नहीं

Q11. M, C से किस प्रकार सम्बंधित है?
(a) भतीजी/भांजी
(b) अंकल
(c) पिता
(d) भतीजा/भांजा
(e) इनमें से कोई नहीं



Q12. कितने व्यक्ति पैंटालून दुकान में काम करते हैं?
(a) तीन
(b) एक
(c) शून्य
(d) दो
(e) इनमें से कोई नहीं

Q13. I का अंकल निम्नलिखित में से कौन सी मंजिल पर रहता है?
(a) तीसरी
(b) पहली
(c) आठवीं
(d) चौथी
(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (14-18): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
@ का अर्थ है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 1 पर है।
* का अर्थ है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 6 पर है।
$ का अर्थ है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 3 पर है।
? का अर्थ है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 7 पर है।
> का अर्थ है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 8 पर है।
< का अर्थ है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 12 पर है।
नोट: यदि दो प्रतीक दिए हों, तो स्वत: ही पहले प्रतीक को मिनट की सुई के रूप में और दूसरे प्रतीक को घंटे की सुई के रूप में माना जाएगा। और सभी समय को पूर्वाह्न के रूप में माना जाएगा। यदि समय घंटे में दिया जाए, जैसे 5 घंटे तो उसे 5 पूर्वाह्न के रूप में माना जाएगा।
उदाहरण के लिए >$ → 3:40 पूर्वाह्न।

Q14. A अपनी यात्रा बिंदु X से '>$' बजे शुरू करता है। वह बिंदु X से बिंदु Y तक पहुँचने में 1:15 घंटे लेता है और बिंदु Y से बिंदु Z तक पहुँचने में 2:10 घंटे लेता है। वह सटीक समय ज्ञात कीजिये, जिस समय A बिंदु X से बिंदु Z पर पहुँचता है?
(a) @? पूर्वाह्न
(b) @? अपराह्न
(c) ?@ पूर्वाह्न
(d) ?@ अपराह्न
(e) इनमें से कोई नहीं

Q15. अजय 2 किमी की दूरी तय करने में हमेशा 1:15 घंटे लेता है। वह बिंदु A से उत्तर दिशा में अपनी यात्रा शुरू करता है और बिंदु B तक पहुँचने के लिए 6 किमी की दूरी तय करता है। इसके बाद वह दायीं ओर मुड़ता है और बिंदु C तक पहुँचने के लिए 8 किमी की दूरी तय करता है। अजय A से C के बीच की न्यूनतम दूरी कितने समय में तय कर लेगा?
(a) *$
(b) $*
(c) @$
(d) $@
(e) इनमें से कोई नहीं

Q16. एक व्यक्ति 2 किमी/घं की गति से 14 किमी की दूरी तय करने में कितना समय लेगा?
(a) ?<
(b) @<
(c) <?
(d) <@
(e) इनमें से कोई नहीं

Q17. रवि एक स्टेशन A से '$?' समय पर निकलता है और स्टेशन A से निकलने के बाद, उसे 1 घंटे में स्टेशन B पर पहुंचना है। रवि स्टेशन B पर किस समय पहुंचेगा?
(a) $@
(b) @$
(c) >$
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) $>

Q18. A, एक काम को ख़त्म करने में 3 घंटे लेता है, वह '$>' बजे काम शुरू करता है और B काम ख़त्म करने में A से 2 घंटे अधिक लेता है। यदि दोनों ने एक ही समय पर काम शुरू किया, तो B काम को किस समय पर ख़त्म करेगा?
(a) $@
(b) @$
(c) *$
(d) $*
(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (19-21): नीचे दिए गए प्रश्नों में कुछ निष्कर्षों के बाद कथनों के पांच समूह दिए गए हैं। आपको कथनों का वह सही समूह चुनना है, जो दिए गए निष्कर्षों का निश्चित ही तार्किक रूप से अनुसरण करता हो। दिए गए कथनों को मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।

Q19. निष्कर्ष: कुछ T, R हैं। कुछ U, P हैं।
कथन: (a) कुछ Q, P हैं। सभी Q, R हैं। कोई S, Q नहीं है। सभी S, T हैं। कुछ S, U हैं।
(b) कुछ R, P हैं। सभी R, Q हैं। कोई S, R नहीं है। कुछ S, T हैं। सभी T, U हैं।
(c) सभी S, Q हैं। कुछ P, S हैं। कोई S, R नहीं है। कुछ R, T हैं। सभी T, U हैं।
(d) सभी U, Q हैं। सभी P, U हैं। कोई U, R नहीं है। कुछ R, S हैं। सभी S, T हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

Q20. निष्कर्ष: सभी F, G हैं। कुछ C, Q हैं।
कथन: (a) सभी F, R हैं। कुछ G, Q हैं। सभी R, G हैं। सभी Q, C हैं। कोई Q, S नहीं है।
(b) सभी F, R हैं। कुछ G, C हैं। कोई R, G नहीं है। कुछ Q, G हैं। सभी Q, S हैं।
(c) सभी F, E हैं। कुछ G, Q हैं। सभी E, G हैं। सभी S, Q हैं। कोई C, G नहीं है।
(d) कुछ S, F हैं। सभी G, E हैं। कोई F, C नहीं है। सभी E, F हैं। कुछ Q, C हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

Q21. निष्कर्ष: कुछ B, E हैं। कोई E, F नहीं है।
कथन: (a) सभी B, D हैं। कुछ A, C हैं। सभी C, D हैं। कोई D, E नहीं है। सभी B, F हैं।
(b) कुछ A, F हैं। सभी F, C हैं। कोई C, D नहीं है। कुछ B, C हैं। सभी E, B हैं।
(c) सभी F, C हैं। कुछ A, E हैं। सभी E, B हैं। कोई D, B नहीं है। कुछ D, F हैं।
(d) कुछ A, D हैं। सभी D, F हैं। कोई F, E नहीं है। कुछ E, C हैं। सभी C, B हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (22-26): निम्नलिखित सूचना का अध्ययन ध्यानपूर्वक कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

सात व्यक्ति जिनके नाम P, Q, R, S, T, U और V हैं, भिन्न महीनों जैसे: जुलाई, मई, अगस्त, सितम्बर, जून, फरवरी और दिसंबर में छुट्टियों पर जाने की योजना बना रहे हैं, लेकिन इनका क्रम यही हो यह आवश्यक नहीं है। तथा उनमें से प्रत्येक मनाली के भिन्न-भिन्न स्थानों को भी देखना चाहता है, जैसे: सोलांग वैली, हडिन्बा मंदिर, व्यास कुंड, ओल्ड मनाली, वशिष्ट बाथ, रोहतांग दर्रा और एडवेंचर एक्टिविटी, लेकिन इनका क्रम यही हो यह आवश्यक नहीं है। सभी व्यक्तियों को शीर्ष से अंत तक के क्रम में व्यवस्थित किया जाता है।
वह व्यक्ति, जो वशिष्ठ बाथ देखना चाहता है और उससे ठीक ऊपर वाला व्यक्ति, जो दिसंबर में जाने की योजना बना रहा है, उन दोनों के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। वह व्यक्ति जो दिसंबर में जाने की योजना बना रहा है, मई में जाने की योजना बनाने वाले व्यक्ति के ठीक ऊपर नहीं है। R और S के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं। न तो V और न ही T दिसंबर और मई में जाने की योज बना रहे हैं। वह व्यक्ति जो हडिम्बा मंदिर देखना चाहता है, जून में जाने की योजना बना रहा है। वह व्यक्ति जो रोहतांग दर्रा देखना चाहता है, उससे ऊपर है, जो ओल्ड मनाली देखना चाहता है (लेकिन ठीक ऊपर नहीं)। Q, R से नीचे बैठा है तथा Q और U के बीच में एक व्यक्ति बैठा है। जो व्यक्ति सोलांग वैली देखना चाहता है और जो व्यक्ति वशिष्ट बाथ देखना चाहता है जो कि जुलाई में जाने की योजना बना रहा है, उनके बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। जून में जाने की योजना बनाने वाले व्यक्ति और V के बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। वह व्यक्ति, जो व्यास कुंड देखना चाहता है, मई में जाने की योजना बना रहा है, वह उस व्यक्ति के ठीक ऊपर बैठा है, जो वशिष्ट बाथ देखना चाहता है। U रोहतांग दर्रा देखना चाहता है तथा वह अगस्त और सितम्बर में जाने की योजना नहीं बना रहा है। V, सितम्बर में जाने की योजना बना रहा है और वह सोलांग वैली नहीं देखना चाहता है। U और T के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। T वह स्थान नहीं देखना चाहता, जो जुलाई में जाने की योजना बनाने वाले व्यक्ति के ठीक नीचे है।

Q22. जो व्यक्ति जुलाई में जाने की योजना बना रहा है और जो व्यक्ति ओल्ड मनाली देखना चाहता है, उनके बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) पांच
(b) चार
(c) दो
(d) कोई नहीं
(e) तीन

Q23. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति उस व्यक्ति से ठीक ऊपर है, जो सोलांग वैली देखना चाहता है?
(a) T
(b) R
(c) S
(d) Q
(e) इनमें से कोई नहीं

Q24. P निम्नलिखित में से कौन सा स्थान देखना चाहता है?
(a) सोलांग वैली
(b) रोहतांग दर्रा
(c) वशिष्ट बाथ
(d) ओल्ड मनाली
(e) इनमें से कोई नहीं

Q25. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन सा एक उस समूह से संबंधित नहीं है?
(a) ओल्ड मनाली
(b) जून
(c) U
(d) T
(e) व्यास कुंड

Q26. वह व्यक्ति, जो एडवेंचर एक्टिविटी देखना चाहता है, निम्नलिखित में से किस महीने में जाने की योजना बना रहा है?
(a) अगस्त
(b) फरवरी
(c) जुलाई
(d) सितम्बर
(e) इनमें से कोई नहीं

Direction (27-28): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

एक परिवार में नौ सदस्य हैं, अर्थात: A, B, C, D, E, F, G, H, I इनमें से तीन विवाहित युगल हैं। परिवार में चार पुरुष सदस्य हैं। परिवार में केवल तीन पीढ़ियाँ हैं। B और H की केवल एक संतान है। I, C का पुत्र है। E के पति की बहन के दो भतीजे/भांजे हैं। E की ग्रैंडसन की माता का पति B है। D, B की भतीजी/भांजी है। A के भाई और H की पत्नी के बीच एक पीढ़ी का अन्तराल है। F महिला है।



Q27. D, C के ससुर से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) ग्रैंडसन

(b) ग्रैंड-डॉटर

(c) पुत्र

(d) पुत्री

(e) इनमें से कोई नहीं

Q28. F का पति, B की पत्नी से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) भाई

(b) पुत्र

(c) ब्रदर-इन-लॉ

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(e) इनमें से कोई नहीं

Q29. व्यंजक J>Z को निश्चित रूप से सत्य और Q>X को निश्चित रूप से असत्य बनाने के लिए दिए गए व्यंजक में चिन्ह (?) और (*) को निम्नलिखित में से किन प्रतीकों से प्रतिस्थापित करना चाहिए?

Y ≥ Z < Q ? J = U ≤ I * X

(a) इनमें से कोई नहीं

(b) ≥, ≤

(c) >, ≤

(d) =, <

(e) ≥, <

Q30. रमन पंक्ति के बाएं अंत से सोलहवें स्थान पर बैठा है और यामिनी पंक्ति के दाएं अंत से आठवें स्थान पर बैठी है। रमन और यामिनी अपने स्थान को आपस में बदल लेते हैं, स्थान परिवर्तन के बाद रमन बाएं अंत से बीसवें स्थान पर है। पंक्ति में लड़कों और लड़कियों की संख्या ज्ञात कीजिए, यदि लड़कों और लड़कियों का अनुपात 6:3 है। सभी एक पंक्ति में उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं?

(a) 18 लड़के, 9 लड़कियां

(b) 9 लड़के, 18 लड़कियां

(c) 17 लड़के, 10 लड़कियां

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (31-35): निम्नलिखित सूचना का अध्ययन ध्यानपूर्वक कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

आठ मित्र A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के इर्दगिर्द बैठे हैं, लेकिन इनका क्रम यही हो यह आवश्यक नहीं है। सभी मित्र केंद्र की ओर मुंह किए हुए हैं। प्रत्येक व्यक्ति का वेतन भिन्न है जैसे: 1400, 1600, 1500, 76641, 25547, 86543, 87000, और 91000 लेकिन इनका क्रम यही हो यह आवश्यक नहीं है।

F, B से 135° दक्षिणावर्त दिशा में है। B के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति का वेतन एक विषम संख्या है जो 3 से विभाज्य है। A और G के बीच 135° का कोण है। B का वेतन H और D के वेतन का औसत है। A और H के बीच 90° का कोण है। D उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी नहीं है जिसका वेतन 76641 है। G का वेतन, A के वेतन का 1/3 है। B और जिस व्यक्ति का वेतन पूर्ण वर्ग है, उनके बीच 180° का कोण है। H उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी नहीं है, जिसका वेतन 25547 है। C का वेतन उन सभी के वेतनों में दूसरा सबसे अधिक है। F और E, जिसका वेतन विषम संख्या में है, उनके बीच 180° का कोण है। B, A के दक्षिणावर्त दिशा में 90° पर बैठा है।

Q31. E और जिस व्यक्ति का सर्वाधिक वेतन है, उनके बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) तीन
(b) चार
(c) एक
(d) चार से अधिक
(e) इनमें से कोई नहीं

Q32. निम्नलिखित में से कौन, H के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के ठीक बाएं बैठा है?
(a) B
(b) A
(c) जिसका वेतन 1500 है।
(d) a और c दोनों
(e) इनमें से कोई नहीं

Q33. A का वेतन कितना है?
(a) 1600
(b) 1500
(c) 76641
(d) 91000
(e) इनमें से कोई नहीं

Q34. H और D के ठीक मध्य में कौन बैठा है?
(a) A
(b) G
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) B
(e) F

Q35. F के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति का वेतन कितना है?
(a) 1600
(b) 25547
(c) 1400
(d) 91000
(e) इनमें से कोई नहीं